हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-249, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शनिवार 22 फरवरी 2025



डॉ. राजेश्वर सिंह ने पूरा किया सिख समुदाय का बड़ा...02

वकीलों ने सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम बिल...06



टेस्ला अमेरिका में कार बनाकर भारत में बेचेगी



नए साल में अडाणी की नेटवर्थ 1.03 लाख करोड़ गिरी



सोने का दाम 428 गिरकर 86,092 पर आया

## सीएम योगी का दावा, यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला गया



**लखनऊ, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के बजट सत्र में सवालों के जवाब देते हुए कहा कि बीते सात वर्षों में हमारी सरकार ने यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला गया है और हमारी सरकार ने यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला है। प्रदेश में निवेश आ रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि वर्ष 2029 तक यूपी की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महाकुंभ जैसा वैश्विक आयोजन हो रहा है इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सीधे तौर पर तीन लाख करोड़ रुपये का लाभ होगा। जिस प्रदेश को सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने बीमारू राज्य बना रखा था वो अब हर सेक्टर में विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले प्रदेश में किसान आत्महत्याएं कर रहा था। अब यूपी गन्ना उत्पादन में, चीनी उत्पादन में और इथेनॉल के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। किसानों को उनकी फसल के मूल्य का भुगतान समय पर किया जा रहा है। पूरा देश और दुनिया प्रदेश के विकास को लेकर आशान्वित है और हमारे विकास में योगदान देने के लिए तैयार है। देश को विश्वगुरु बनाने की बात की जा रही है। लेकिन देश पटरी से उतर रहा है। अमीर-अमीर हो रहा है। गरीब-गरीब हो रहा है। 2010-11 की तुलना में मिडिल क्लास की आय कम हुई है। नियमित वेतनभोगी महिलाएं पहले 22: थी, जो अब 16: हो गईं। सीएम योगी ने रागिनी के सवाल का जवाब दिया। योगी ने कहा- आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं। आपके नेता (अखिलेश यादव) बोलते हैं कि भारत कभी विकसित देश नहीं बन सकता है। आपका बयान सपा के अनुरुप ही है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। हो सकता है इसमें कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो। क्योंकि, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानते हैं।

### सब्जियों की महंगाई पर बोले वित्तमंत्री

सदन में महंगाई पर विपक्ष के सवाल का जवाब देते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर अन्य राज्यों के मुकाबले सबसे कम वैट लग रहा है। सरकार का पूरा प्रयास है कि किसी को भी कोई तकलीफ न होने पाए। सब्जियों के दाम डिमांड और सप्लाई के आधार पर बढ़ते और घटते हैं। सरकार पूरी तरह से गरीबों के साथ खड़ी है।

## विकसित भारत के लिए हर क्षेत्र में सर्वोत्तम नेतृत्व जरूरीः मोदी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे। श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को परिवर्तित करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर सौ लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के विकसित भारत के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता...आज, हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा...यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं। यदि आप एक टीम विकसित करते हैं, तो आपका संगठन विकास का अनुभव कर सकता है; और यदि आप नेताओं को विकसित करते हैं, तो आपका संगठन बहुत तेजगति से प्रभावी विकास कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने महिलाओं को दिया धोखाः आतिशी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी(आप) की की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहली कैबिनेट में 2500 रुपए महीना देने की स्कीम पास करने का अपना वादा तोड़कर महिलाओं के साथ धोखा किया है। सुश्री आतिशी ने आज कहा कि भाजपा ने पहली कैबिनेट में 2500 रुपए महीना देने की योजना पास करने का अपना वादा तोड़कर महिलाओं के साथ धोखा किया है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका रैली में कहा था कि पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपए देने की स्कीम पास होगी। यही वादा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी किया था।

### मेरे कार्यकाल में केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी होंगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की जाएंगी, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की आगामी परियोजनाएं भी शामिल हैं। गडकरी ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन (आईकेजीएस) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि सड़क क्षेत्र राज्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें पर्यटन की वृद्धि की संभावना का भी उल्लेख किया। केरल अपने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्य में 20,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की हैं और 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं। उन्होंने कहा, '' मुझे केरल के लिए कुछ नई परियोजनाओं की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है... सड़क क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है...हमारे पास 896 किलोमीटर लंबी 31 परियोजनाएं हैं जिनकी लागत 50,000 करोड़ रुपये है।

## यूएसएड मामले में कांग्रेस का अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने का प्रयासः भाजपा



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तथाकथित फैक्ट चेकरों और कांग्रेस द्वारा अमेरिका के यूएसएड एड को भारत के बजाय बंगलादेश भेजे जाने का प्रचार किये जाने की निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देश विरोधी बयानों और कार्यों को सबूतों के साथ पेश करते हुए प्रश्न उठाए। श्री भाटिया ने कहा कि श्री गांधी ऐसे कृत्य इसलिए करते हैं क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत और इसके नागरिकों से भी नफरत करने लगे हैं। श्री भाटिया ने कहा, विपक्ष, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का भारत विरोधी चरित्र बेहद चिंताजनक है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक वक्तव्य दिया कि यूएसएड की फन्डिंग के माध्यम से भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया जा रहा था। लोकसभा चुनाव से पूर्व भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ-साथ कई देश प्रेमी पत्रकारों और संगठनों ने यह बात उठाई कि विदेशी शक्तियां भारत की चुनावी प्रक्रिया में यह सोच के हस्तक्षेप करती हैं कि कैसे देश का गौरव एवं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता श्री मोदी को सत्ता से हटाया जाए। उन्होंने कहा, भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है, जहां किसी विदेशी ताकत को आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

## आतंकवाद का सामान्यीकरण ना करे बंगलादेशः भारत



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बंगलादेश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) को पुनः प्रासंगिक बनाने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है और उसे दो टूक शब्दों में समझा दिया है कि उसे आतंकवाद का सामान्यीकरण नहीं करना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर की मस्कट में बंगलादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से मुलाकात में डॉ. जयशंकर ने श्री हुसैन के दक्षेस की बैठक बुलाने के आग्रह को दो टूक शब्दों में खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे जाने पर कहा, जहां तक सवाल है कि दक्षेस, चर्चा में आया या नहीं। हां, यह मामला मस्कट में विदेश मंत्री और बंगलादेश के विदेश सलाहकार की मुलाकात में बंगलादेश पक्ष द्वारा उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि दक्षेस को बाधित करने के लिए कौन-सा देश और कौन सी गतिविधियां जिम्मेदार हैं।विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बंगलादेश को आतंकवाद का सामान्यीकरण नहीं करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर पर तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन की हालिया टिप्पणियों के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम उन मामलों पर ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को खारिज करते हैं जो भारत के लिए अस्वीकार्य हैं। हमने तुर्की के राजदूत के साथ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार्य हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। यह बेहतर होता कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का उपयोग करने की पाकिस्तान की नीति, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है, की निंदा की जाती। ओडिशा के कलिंग इंस्टीट्यूट और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की एक नेपाली छात्रा की मौत और नेपाल के छात्र छात्राओं के साथ हुए व्यवहार के बारे में पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा, नेपाली छात्र की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। केन्द्र सरकार देश के सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उच्च प्राथमिकता, सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण प्रदान करती है।


## लाल मिर्च उत्पादन लागत की समीक्षा होगीः शिवराज



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाल मिर्च उत्पादन लागत की समीक्षा होगी और खरीद सीमा को उत्पादन के 25 प्रतिशत से बढ़ाने के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। श्री चौहान ने शुक्रवार को यहां आंध्र प्रदेश के लाल मिर्च किसानों की समस्याओं पर एक समीक्षा बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अधिकारी लाल मिर्च के उत्पादन लागत की समीक्षा करने के लिए आंध्र प्रदेश की यात्रा करेंगे और एक रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके आधार वर्ष 2024-25 के दौरान बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के अंतर्गत लाल मिर्च के मूल्य कमी भुगतान के कार्यान्वयन के लिए आंध्र प्रदेश सरकार को राज्य उत्पादन का 25 प्रतिशत अग्रिम मंजूरी जारी किया जा सकेगा। आंध्र प्रदेश में मिर्च के खेतों का दौरा करने के लिए एक विशेषज्ञ दल जाएगा जो कीट संक्रमण के कारण फसल को हुए नुकसान का अध्ययन करेगा तथा प्रभावी उपाय सुझाएगा। श्री चौहान ने एमआईएस के तहत लाल मिर्च की खरीद सीमा को उत्पादन के 25 प्रतिशत से बढ़ाने के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश से लाल मिर्च के निर्यात के अवसरों का पता लगाने के लिए वाणिज्य मंत्रालय, एपीडा और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में निर्यातकों की बैठक शीघ्र ही आयोजित की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू तथा केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

## भारत-पाकिस्तान के बीच फ्लैग मीटिंग, 4 साल में पहली बार

### 75 मिनट चर्चा, एक महीने में एलओसी पर गोलीबारी-ब्लास्ट की 5 घटनाएं हुईं



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग हुई। यह मीटिंग पुंछ सेक्टर के चाका दा बाग (एलओसी ट्रेड सेंटर) में आयोजित की गई। जिसमें दोनों सेनाओं के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए। बैठक 75 मिनट तक चली। पिछले चार सालों में दोनों देशों के बीच इस तरह की पहली मीटिंग है। आखिरी फ्लैग मीटिंग 2021 में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच बॉर्डर पर शांति बनाए रखने और सीजफायर पर सहमति बनी।

पिछले कई हफ्तों से एलओसी पर तनाव बना हुआ है। सेना ने 4 फरवरी को 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया था। वहीं 13 फरवरी को भी पाकिस्तान सैनिकों के सीजफायर तोड़ने की खबर आई थी। सेना ने बाद में इसका खंडन किया था। जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर 16 फरवरी को पुंछ सेक्टर में स्नाइपर फायरिंग हुई जहां एक भारतीय जवान घायल हो गया। इस घटना के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच कुछ देर तक गोलीबारी भी हुई। 13 फरवरी को पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में गोलीबारी की खबर आई थी। सोशल मीडिया पर भी पाकिस्तानी अधिकारियों का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वे अपने सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दिखाई दिए थे। कुछ रिपोर्ट्स में 6 लोगों के मारे जाने की बात कही गई। हालांकि, भारतीय सेना ने कहा था कि पाकिस्तान बॉर्डर पर युद्धविराम लागू है। जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास लालोली इलाके में आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें सेना के दो सैनिक शहीद हो गए थे।यह धमाका 11 फरवरी को करीब 3:50 बजे भट्टल इलाके में हुआ, जब सेना के जवान गश्त पर थे। सेना से जुड़े सूत्रों ने दावा किया था कि शहीद हुए फौजियों के नाम कैप्टन केएस बख्शी और मुकेश थे।

### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और उनके पास से 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मणिपुर निवासी मित्रलाल खातीवाड़ा उर्फ मनोज (45), कृष्णा न्योपनी (21) और आकाश कार्की (25) को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कौशिक ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ इकाई मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय अंतरराज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह पर नजर रख रही थी।

### चुनाव में यूएस फंडिंग वाले ट्रंप के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

## हमारे मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने नवंबर में हुई पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान संपर्क और यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की गई। रूस-यूक्रेन संबंध को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के विदेश मंत्री के साथ बैठक की।

## राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास चिंतनीयः धनखड़



**नयी दिल्ली, एजेंसी।**उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास चिंतनीय है और ऐसे प्रयासों की जड़ में जाकर इनका समूल नाश करना चाहिए। श्री धनखड़ ने आज यहां वैश्विक मैडिटेशन लीडर्स के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास का अमेरिकी राष्ट्रपति का खुलासा चौंकाने वाला है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। चुनावी प्रणाली को नुकसान पहुँचाने के प्रयास किये गये। इसके लिए भारी धनराशि दी गयी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से निपटने के लिए चाणक्य की नीतियों को अपनाना चाहिए। उनकी जड़ों तक जाना चाहिए और इसे समूल नष्ट करना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा, हमें यह पता लगाना चाहिए कि वे कौन लोग हैं जिन्होंने इस प्रकार के कृत्य को स्वीकार किया। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर इतना बड़ा कुठाराघात किया गया।

## महाकुंभ में वीकेंड पर फिर भीड़, लोग 10 किमी तक पैदल चल रहे

### मेले के अंदर बैरिकेडिंग, प्रयागराज में 24 फरवरी को बोर्ड एग्जाम नहीं



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ में आखिरी वीकेंड पर प्रयागराज में एंट्री पॉइंट से लेकर शहर के अंदर तक भीषण जाम लग गया है। लोगों को 500 मीटर की दूरी तय करने में करीब दो घंटे का समय लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10द्मद्व पहले रोका जा रहा है। उसके बाद की दूरी लोगों को पैदल ही तय करनी पड़ रही है। दूसरी ओर वीआईपी की गाड़ियां अरैल घाट तक जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अफसरों से कहा था कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, लेकिन शुक्रवार को इसका असर दिखाई नहीं दिया। इस बीच शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फैसला लिया है कि 24 फरवरी को 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम नहीं कराए जाएंगे। इस दिन का एग्जाम 9 मार्च को कराया जाएगा। महाकुंभ का आज 40वां दिन है। मेला खत्म होने के 5 दिन और बचे हैं। रात 8 बजे तक 1.28 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। अब तक करीब 59.31 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में 8वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रयागराज में रजिस्टर्ड (यूपी- 70) गाड़ियों को ही शहर में एंट्री दी जा रही है। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में संगम स्नान के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अभूतपूर्व रूप से सशक्त किया है। सीएम के विशेष निर्देश पर स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल, प्रयागराज में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ा दिया गया है।

## दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार सुबह हल्की बारिश हुई और अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.9 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 3.2 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में शुक्रवार को बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। उसने बताया कि दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को, पिछले 24 घंटों में 0.9 मिमी बारिश हुई। राजधानी में शाम 5.30 बजे आर्द्रता का स्तर 55 प्रतिशत दर्ज किया गया।

# संपादकीय

## दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फरवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली। मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवतरू पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है। कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नजदीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे। दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फिलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी। भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था। रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं। एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली। सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफपोस्ट किये थे। अमर्यादित व कई नफरती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाजा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आने पर अब आप के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन आदि पराजित हो चुके हैं और आप की पूर्ववर्ती सरकार के कामों का बचाव करने वाले प्रभावी लोग सदन में रहेंगे नहीं। शराब घोटाले की तलवार पहले से चल रही है। सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला चलाने की राष्ट्रपति से मंजूरी दो दिन पहले ही मिल गयी है और वे चुनाव भी हार चुके हैं।

## रेखा के हवाले दिल्ली

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फ्लतरू राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी। लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे।

## हिंदू राष्ट्र में प्रतिबंधित है मृतक का शोक



"इंसान ने सत्य को उजागर करने के लिए भाषा ईजाद की, फिर उसे सत्य पर पर्दे की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा। भारत में पिछले 10 सालों से भाषा का प्रयोग सच बताने के लिए नहीं, उसे छिपाने के लिए किया जाने लगा है।"

आलेख - अपूर्वानंद

दिल्ली के रेलवे प्लेटफॉर्म पर भीड़ के कारण हुई भगदड़ के चलते कम से कम 15 लोग मारे गए। इस वाक्य को वास्तव में ऐसे लिखा जाना चाहिए - भारत की राजधानी दिल्ली के रेलवे प्लेटफॉर्म पर सरकार की बदइंतज़ामी और लापरवाही के चलते उमड़ी भीड़ के बीच हुई भगदड़ में 15 लोग मारे गए। लेकिन अब भारत में गद्य लिखना लोग भूल गए हैं। जैसा राल्फ फॉक्स ने कहा था, गद्य चीज़ों को उनके सही नाम से पुकारने की कला है। इंसान ने सत्य को उजागर करने के लिए भाषा ईजाद की, फिर उसे सत्य पर पर्दे की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा। भारत में पिछले 10 सालों से भाषा का प्रयोग सच बताने के लिए नहीं, उसे छिपाने के लिए किया जाने लगा है। अफ़वाह को सच और सच को अफ़वाह बतलाया जाता है। जैसे भारतीय रेल के प्रवक्ता ने प्लेटफॉर्म पर हुई भगदड़ की खबर को अफ़वाह बतलाया और देश की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी ने उसे पूरी दुनिया में प्रसारित किया, लेकिन सिर्फ़ वे ऐसा नहीं कर रहे थे। एक दुकानदार को सुना, जो कह रहा था कि सारा इंतज़ाम एकदम ठीक था, प्लेटफॉर्म ख़ाली पड़ा था, पुल पर लोग एक दूसरे को धक्का देने लगे, इस वजह से भगदड़ हो गई। अब हम अपने लिए अप्रिय सत्य को देखना भी नहीं चाहते, उसे बतलाने की बात तो दूर। किसी ने नहीं पूछा कि यह भीड़ क्या सचमुच अचानक उमड़ पड़ी थी? क्या टिकटों की असामान्य बिक्री से इसका अंदाज़ नहीं किया जा सकता था कि प्लेटफॉर्म पर भीड़ उनकी सीमा के बाहर बढ़ सकती है? क्यों टिकट खिड़की से सामान्य श्रेणी के टिकट लगातार जारी किए जाते रहे? क्यों गाड़ियों की संख्या और टिकटों की बिक्री के संबंध का ख़्याल नहीं रखा गया? भारत सरकार जो किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए सड़क खोद देती है और उस पर कीलें ठोंक देती है, वह प्लेटफॉर्म पर भीड़ जमा होने से रोक नहीं पाई? मेरे मित्र को एक सेमिनार में भाग लेने बनारस जाना था। मेट्रो से जब वे नई दिल्ली पहुंचे, तब उन्होंने लोगों का रेला अपने आगे देखा। मेट्रो का निकास द्वार टूट गया। लोगों ने नारा लगाया, 'गंगा मैया की जय' और एक दूसरे को धक्का देते बाहर निकलने लगे। मेरे मित्र यह दृश्य देखकर कांप गए और बनारस जाने का इरादा रद्द करके वापस अपने ठिकाने लौट गए। जब यह दृश्य मेट्रो स्टेशन का था, तो आगे रेलवे प्लेटफॉर्म पर क्या होगा, इसका अंदाज़ क्या प्रशासन नहीं कर सकता था? यह भीड़ ख़ुद-ब-ख़ुद नहीं इकट्ठा हो गई थी। कुंभ जाने का आह्वान प्रधानमंत्री, कई मुख्यमंत्री और कई सरकारें कर रही थीं। हर सरकारी इमारत की दीवारों पर कुंभ का निमंत्रण देते हुए बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग महीनों से लगे हैं। मोहल्लों में लोगों को कुंभ जाने के लिए कहा जा रहा था। कुंभ जाकर ही आप अपना हिंदूपन साबित कर सकते थे। पिछले कई दिनों से इलाहाबाद को जाने वाली सारी सड़कें जाम हो गई थीं। फिर दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भीड़ का अनुमान क्यों नहीं किया जा सकता था? रेल विभाग के प्रवक्ता ने पहले इस भगदड़ को अफ़वाह बतलाया। फिर कहा गया कि कुछ अफ़रातफ़री तो हुई है, लेकिन हालात क़ाबू में हैं। रेल मंत्री ने भी सच्चाई छिपाने की कोशिश की और भ्रामक बयान दिया। बाद में इन सबको स्वीकार करना पड़ा कि भगदड़ हुई है और मौतें हुई हैं। लेकिन अब इसके लिए लोगों की बेचैनी को ही ज़िम्मेदार ठहराया जा रहा है। कहा जा रहा है कि लोग क्यों एक साथ निकल पड़ते हैं। और सरकार को बरी करने की कोशिश साथ-साथ की जा रही है - आख़िर वह इस तरह की भीड़ को कैसे संभाल सकती है! अगर आप भूल न गए हों, तो 5 साल पहले हमने कुछ इसी तरह का दृश्य भारत की सड़कों पर देखा था। कोविड संक्रमण के शुरुआती दिन थे। प्रधानमंत्री ने अचानक तालाबंदी का ऐलान किया। उसके आगे के लिए कोई तैयारी नहीं की गई। अगली सुबह से दिल्ली और दूसरे महानगरों से मज़दूर अपने-अपने घर जाने निकल पड़े। उस वक्त भी सरकार ने कह दिया था कि इन्हें घर पहुंचाना हमारी ज़िम्मेदारी नहीं। मजदूरों को ग़ैर-ज़िम्मेदार बतलाया गया था। भाजपा के एक सांसद ने तो यह कहा था कि ये सब तफ़रीह करने निकल पड़े हैं। यह न पूछा गया कि आख़िर सरकार यह अनुमान क्यों नहीं कर पाई कि इतने दिहाड़ी मज़दूर अचानक तालाबंदी से रोज़ी रोटी खो बैठेंगे और उनके भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। फिर वे अपने गांव की पनाह लेने के अलावा और कर ही क्या सकते थे? लेकिन सरकार ने कह दिया कि वह तालाबंदी तो कर सकती थी, लेकिन उसके नतीजे के लिए उसे ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। लाखों लोग हज़ारों किलोमीटर पैदल चले, लेकिन सरकार चुपचाप देखती रही। सर्वोच्च न्यायालय में एक अर्ज़ी दायर की गई कि वह सरकार को आदेश दे कि वह मज़दूरों को राहत मुहैया करवाए। वहां सरकार ने झूठ बोल दिया कि सड़क पर कोई मज़दूर नहीं है। हम टी वी पर देख रहे थे कि किस तरह हज़ारों की संख्या में मज़दूर पैदल चले जा रहे हैं, लेकिन अदालत ने वही देखा, जो सरकार ने उसे कहा। यही सरकार ने नोटबंदी के वक्त किया था। बैंकों के सामने उस वक्त लगी क़तारों की तस्वीर हमें याद है। उस वक्त भी सरकार ने लोगों को हुई तकलीफ़ का ज़िम्मा लेने से इंकार कर दिया था। कुंभ में भगदड़ हुई। कितनी मौतें हुईं, अब तक हमें नहीं मालूम। कोविड के चलते कितनी मौतें हुईं, हमें नहीं मालूम। सरकार का कहना है कि इतने लोग ज़िंदा बच गए, उसके लिए हमें सरकार का शुक्रिया अदा करना चाहिए। सरकार जो कहे, ज़्यादा अफ़सोस यह देखकर होता है कि हमारा समाज भी इसे अपनी नियति मानकर सिर झुका लेता है। यह कहना पड़ेगा कि यह प्रायः हिंदू समाज है। क्या यह इसलिए है कि हिंदुओं की बड़ी आबादी यह मान बैठी है कि सदियों के बाद भारत में हिंदुओं का राज आया है? अगर कुछ ऊंच-नीच हो, तो हमें बर्दाश्त कर लेना चाहिए, क्योंकि अभी एक ज़्यादा बड़ा उद्देश्य पूरा करने का समय है। और वह उद्देश्य है हिंदू राष्ट्र की स्थापना। क्या इस वजह से हिंदुओं ने नागरिक के सारे अधिकारों का विसर्जन करके ख़ुद को प्रजा में तब्दील कर दिया है, जिसके साथ राजा जैसे चाहे, पेश आए? अब हमें एक क़ानून के लिए तैयार हो जाना चाहिए, जिसके मुताबिक़ मारे गए लोगों के लिए शोक मनाना जीवित लोगों के विरुद्ध अपराध माना जाएगा।



## अमरीका से निष्कासित हो रहे भारतीय

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

**राजनीतिक शरण के नाम पर क्या अमेरिका और कनाडा सरकारें भारत विरोधी समूह यत्नपूर्वक तैयार नहीं कर रही? इसके लिए क्या वहां परोक्ष ब्रांच काम नहीं कर रहीं? इस ब्रांच को तो गधा एअरवेज के यात्रियों का इंतजार करने की भी जरूरत नहीं होती। यह ब्रांच तो बाकायदा उनको अल्प अवधि का वीजा देकर बुलाती है। उसके बाद जांच लेती है कि क्या इनको भारत विरोधी गुट में रिक्रूट किया जा सकता है। यदि उपयुक्त पाया जाता है तो शरण के बाद उसे इस काम में लगा दिया जाता है। लेकिन इस प्रकार के रंगरूट सप्लाई करने का काम भी तो पंजाब में बैठे कुछ तथाकथित प्रतिष्ठित लोग ही तो कर रहे हैं। यह पूरी सप्लाई सिस्टम चेन है जिसका एक सिरा भारत में, दूसरा कनाडा-अमेरिका में है**

अपने देश को छोड़कर किसी दूसरे देश में जाने के लिए उस देश की सरकार से वीजा लेना पड़ता है। वीजा लेने की यह व्यवस्था बीसवीं शताब्दी में ही शुरू हुई थी। उससे पहले लोग इच्छानुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ-जा सकते थे। लेकिन उसके बाद व्यवस्था बदल गई। पर एक दूसरी समस्या आ गई। जरूरी नहीं कि जिस देश में आप जाना चाहते हैं वहां की सरकार आपको वीजा दे ही दे। लेकिन यदि जाना बहुत ही जरूरी हो तो बिना वीजा भी जाने के रास्ते हैं। लेकिन उन रास्तों पर ले जाने के लिए दुनिया भर में गिरोह बने हुए हैं। ये गिरोह अपने आपको एजेंट कहते हैं। बिना वीजा के लोगों को विभिन्न देशों की सरहदें पार करवा देने के काम को पंजाब में डोंकी फ्लाइट कहा जाता है। यदि आप किसी दूसरे देश में वीजा लेकर जाते हैं तो परिवहन की रेगुलर फ्लाइट से जाएंगे। यदि बिना वीजा जाते हैं तो डोंकी फ्लाइट से जाएंगे। रेगुलर फ्लाइट का किराया तो बहुत कम है, लेकिन डोंकी फ्लाइट का किराया पचास लाख से लेकर एक करोड़ तक हो सकता है। अलबत्ता इतना निश्चित है कि यदि डोंकी फ्लाइट से यात्री जाता है तो पकड़े जाने पर देश वापसी रेगुलर फ्लाइट से ही होगी। अब जब ऐसा हो रहा है तो बहुत हो-हल्ला होगा ही। लेकिन असली प्रश्न है कि लोग बिना वीजा लिए अमेरिका-कनाडा जाते क्यों हैं? यह प्रश्न बहुत ही उलझा हुआ है। इसका उत्तर जलेबीनुमा ही हो सकता है। यदि यह मान ही लिया जाए कि अपने मुल्क में नौकरी नहीं मिलती, इसलिए दूसरे देश में नौकरी की तलाश में लोग चले जाते हैं। लेकिन पंजाब और गुजरात से तो उन परिवारों के युवा जा रहे हैं जिनका अच्छा खासा व्यवसाय है। भरी-पूरी खेती है। पंजाब में तो बहुत से आईएएस प्रशासकों ने कनाडा की पीआरशिप ले रखी है। उनके लिए तो बेरोजगारी समस्या नहीं है। बहुत से युवा तो नौकरी छोड़ कर विदेश जाने के लिए 'गधे पर सवार' (डोंकी फ्लाइट) हो रहे हैं। पंजाब में तो अच्छी भली खेती कर रहे युवा खेत बेच कर उत्तरी अमेरिका में मजदूरी तक करने के लिए भाग रहे हैं। इसलिए यह प्रश्न बहुत गुंझलदार है। इसकी तह में जाने की बजाय उस काले धंधे के एजेंटों की दुनिया में झांकने की कोशिश करते हैं जो 'गधा एअरवेज' का संचालन करते हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भी डोंकी फ्लाइट वालों की वतन वापसी को लेकर बहुत चिंतित हैं। लेकिन उनकी चिंता महज इतनी ही है कि डोंकी फ्लाइट से गए यात्रियों को वापस ला रहे जहाज अमृतसर हवाई अड्डा पर न उतरें, बल्कि वे दिल्ली या अहमदाबाद में उतरें। वैसे गधा एअरवेज कैसे आपरेट करती हैं, इसकी थोड़ी बहुत मालूममात भगवंत मान को भी होगी ही क्योंकि बहुत बार कलाकारों के जत्थे भी ऐसे अभियानों में पाए जाते हैं। गधा एअरवेज अरबों की आर्थिक राजनीति है। एक-एक यात्री से लाखों रुपए वसूले जाते हैं। यह गधा एअरवेज बिना सुसंगठित तंत्र के तो चलाई नहीं जा सकती। यह एअरवेज गैर कानूनी है, इसमें तो कोई शक नहीं।

फिर भी यदि यह सफलतापूर्वक चल रही है तो इसके अनेक स्टेकहोल्डर होंगे ही। सबसे बड़ा स्टेकहोल्डर तो वे हैं जो उत्तरी अमेरिका के दिवास्वप्न दिखाते हैं। सबसे बड़ा स्वप्न है कि 'कनाडा और अमेरिका में 'शरण' मिलने की संभावना है। हम यह शरण दिलवा सकते हैं, लेकिन इसके लिए इतने लाख रुपया देना होगा।' क्या भगवंत मान यह नहीं जानते कि कनाडा या अमेरिका में शरण दिलवाने की एजेंसी किन लोगों ने खोल रखी है? इस एजेंसी को पकडने के लिए पंजाब सरकार ने अभी तक कोई कदम उठाया है? यदि नहीं उठाया तो उसका क्या कारण है? आर्थिक कारण या राजनीतिक कारण? अमेरिका में डोंकी फ्लाइट के माध्यम से जब एक युवक ने अमेरिका में प्रवेश किया और कुछ दिन बाद ही अमेरिकी पुलिस ने उसे पकड़ कर नजरबन्द कर दिया तो उसने सबसे पहले अपने घर फोन करके नजरबन्द होने की ही 'खुशखबरी' दी। जेल में जाना खुशखबरी कैसे हो सकती है? उसने इसका भी खुलासा किया। अब 'वह अमेरिका में शरण के लिए आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। कोर्ट में लम्बा केस चलेगा। कुछ दिन बाद जमानत पर नजरबन्दी से छूट जाएगा। तब तक तो अमेरिका से कानूनन ही कोई निकाल नहीं पाएगा। आशा है अंततः शरण मिल जाएगी।' क्या पंजाब सरकार का धर्म नहीं है कि वह शरण दिलवाने के लिए झूठे-सच्चे कागज मुहैया करवाने की चल रही फैक्टरी पर शिकंजा कसे। गधा एअरवेज का संचालन करने वाले एजेंटों पर कभी पंजाब सरकार ने कार्रवाई की? यह एअरवेज तो कई दशकों से चल रहा है। पंजाब में क्या कोई ऐसा राजनीतिज्ञ है जो एन एजेंटों की सिंडीकेट को न जानता हो या फिर कभी-कभार इस एअरवेज के माध्यम से अपने किसी सगे संबंधी को उत्तरी अमेरिका न पहुंचाया हो? क्या करोड़ों का यह बिजनेस अकेले एजेंट ही डकार रहे हैं? क्या पंजाब के राजनीतिज्ञों में इसकी पत्ती या हिस्सेदारी के कारण ही तो इनकी ओर से आंख नहीं मूंद ली जाती? पुलिस की जानकारी के बिना क्या इतना बड़ा बिजनेस चल सकता है? ये सारे ऐसे प्रश्न हैं जिसका उत्तर पंजाब सरकार को देना होगा। लेकिन यह निश्चित है कि पंजाब सरकार इसका उत्तर नहीं देगी। कुछ प्रश्न ऐसे होते हैं जिनका उत्तर सभी को पता होता है, लेकिन उत्तर देता कोई नहीं। डोंकी फ्लाईट का यही सबसे बड़ा काला धंधा है।




**मेष**:- काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**बृषभ**:- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुन**:- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्क**:- नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंह**:- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

**कन्या**:- जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला**:- भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक**:- रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

**धनु**:- अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकर**:- बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभ**:- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें।

## चुनाव आयोग के साथ विपक्ष के समीकरणों में तनाव बोया गया

के रवींद्रन

नये मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के इर्द-गिर्द विवादास्पद परिस्थितियों ने कांग्रेस पार्टी और चुनाव आयोग के बीच अविश्वास की भावना को जन्म दिया है। इससे मुश्किल और तनावपूर्ण संबंधों वाली परिस्थिति बन गयी है। तनाव पहले से भी था जो तब और बढ़ गया जब राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से अपनी असहमति व्यक्त की, जिससे इस अविश्वास को संस्थागत रूप मिला। हालांकि उन्होंने नियुक्त व्यक्ति पर सीधे व्यक्तिगत हमले करने से परहेज किया, लेकिन चयन प्रक्रिया के बारे में उनकी चिंताओं ने एक अपरिहार्य दरार पैदा कर दी है। एक प्रमुख राजनीतिक दल और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार एक संस्था के बीच ऐसा सम्बंध लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और जनता के विश्वास को कमजोर करने का खतरा पेश करता है। राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के बीच अविश्वास कोई नयी बात नहीं है, लेकिन मौजूदा परिदृश्य विशेष रूप से अनिश्चित स्थिति प्रस्तुत करता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में हेरफेर की संभावना के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को देखते हुए, सीईसी की नियुक्ति में पक्षपात की कोई भी धारणा केवल संदेह को और बढ़ाती है। विपक्ष का यह तर्क कि ईवीएम का दुरुपयोग किया जा सकता है, पहले से ही एक गहरी ध्रुवीकृत बहस को जन्म दे चुका है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया पर आरोप-प्रत्यारोप का असर हो रहा है। नये सीईसी, जिनकी नियुक्ति पर ही सवाल उठाये गये हैं, अब खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जहां उन्हें न केवल निष्पक्षता सुनिश्चित करनी है, बल्कि अपनी निष्पक्षता के बारे में संदेह करने वालों को भी आश्वस्त करना है। यह एक ऐसा बोझ है, जिसे टाला जा सकता था, अगर चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होती या इस तरह से संचालित की जाती कि राजनीतिक पैंतरेबाजी के आरोपों की कोई गुंजाइश न होती। विवाद से उत्पन्न होने वाली प्राथमिक चिंताओं में से एक यह है कि चयन समिति के विचार-विमर्श को सार्वजनिक करने का तरीका क्या है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विपरीत, जो अपनी आंतरिक चर्चाओं के बारे में सख्त गोपनीयता बनाये रखता है, सीईसी की नियुक्ति की प्रक्रिया इस तरह से की गयी कि असहमति को सार्वजनिक होने दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से निर्णय दिया है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया की अखंडता को बनाये रखने के लिए कॉलेजियम के विचार-विमर्श को गोपनीय रखा जाना चाहिए। यह सिद्धांत सुनिश्चित करता है कि मतभेद सार्वजनिक विवादों में न बदल जाएं जो अंतिम निर्णय की वैधता को कमजोर कर सकते हैं। यदि इस मामले में भी यही विवेक लागू किया गया होता, तो खंडित निर्णय लेने की प्रक्रिया की सार्वजनिक धारणा से बचा जा सकता था, और चुनाव आयोग को नियुक्ति के बाद होने वाली विश्वसनीयता के तत्काल नुकसान से बचाया जा सकता था। ऐसी नियुक्तियों में गोपनीयता का तर्क संस्थाओं की पवित्रता बनाये रखने की आवश्यकता में निहित है। एक बार जब चयन प्रक्रिया सार्वजनिक विवाद से दूषित हो जाती है, तो नियुक्त व्यक्ति को अपनी वास्तविक योग्यता या ईमानदारी की परवाह किए बिना संदेह के बादल के नीचे रहकर ही काम करना पड़ता है। एक संस्था के रूप में चुनाव आयोग जनता के विश्वास पर बहुत अधिक निर्भर करता है। यदि चुनाव प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों में से एक - विपक्ष- चुनावों की देखरेख के लिए नियुक्त व्यक्ति में स्पष्ट अविश्वास व्यक्त करता है, तो यह नियुक्त व्यक्ति के लिए अपनी तटस्थता साबित करने के लिए लगभग दुर्गम चुनौती पैदा करता है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सार्वजनिक जांच जरूरी है, लेकिन पारदर्शिता और प्रक्रिया को राजनीतिक विवाद में फंसने देने में अंतर है। विवाद तो केवल संस्थागत अधिकार को कम करता है और आगे के संघर्ष को बढ़ावा देता है। मौजूदा संकट देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रभावित करने वाली एक गहरी अस्वस्थता का भी संकेत है। अगर विपक्षी दलों को लगता है कि किसी प्रमुख अधिकारी को चुनने की प्रक्रिया से समझौता किया गया है, तो वे चुनाव आयोग के प्रति और अधिक प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाने की संभावना रखते हैं, न केवल इस मामले में बल्कि उसके बाद आने वाले हर फैसले में। इससे संस्थागत अधिकार का क्षरण होता है, जहां चुनाव आयोग के हर फैसले, निर्देश या स्पष्टीकरण को पक्षपात के चश्मे से देखा जाता है। लोकतंत्र सबसे अच्छा तब काम करता है जब संस्थाएं निर्विवाद वैधता का एक उच्च स्तर बनाये रखती हैं। अगर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को बार-बार चुनौती दी जाती है, तो चुनावी लोकतंत्र की नींव ही खतरे में पड़ जाती है। यह भी एक अतिरिक्त जटिलता है कि यह घटनाक्रम भविष्य के चुनावों को कैसे प्रभावित करेगा। विपक्ष को पहले से ही चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का संदेह है, इसलिए वह चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी बयानबाजी को और तेज कर देगा, जिससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि चुनाव के नतीजों पर ही सवाल उठ सकते हैं। यह एक खतरनाक मिसाल है, क्योंकि यह न केवल चुनाव आयोग की भूमिका को अमान्य करता है, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। अगर राजनीतिक दल चुनाव अधिकारियों के चयन में कथित पूर्वाग्रहों के आधार पर चुनाव के नतीजों को स्वीकार करने से इनकार करते हैं, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया ही अस्थिर हो जाती है। यह महत्वपूर्ण है कि लोकतंत्र में,प्रक्रियाएं न केवल निष्पक्ष होनी चाहिए बल्कि निष्पक्ष भी दिखनी चाहिए। सीईसी की नियुक्ति पर विवाद को कम किया जा सकता था यदि व्यापक परामर्श होता, अधिक समावेशी चयन प्रक्रिया होती, या कम से कम, चयन समिति के भीतर असहमति को अधिक चतुराई से संभाला जाता। यह धारणा कि प्रक्रिया राजनीति से प्रेरित थी, ने वर्तमान अविश्वास को जन्म दिया है, और एक बार जनता का विश्वास डगमगा गया, तो इसे बहाल करना बहुत मुश्किल हो जाता है। भविष्य में ऐसे विवादों का एक संभावित समाधान प्रमुख संवैधानिक पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए अधिक मजबूत और व्यापक रूप से स्वीकृत तंत्र की स्थापना है।

# मुझे भी डिंपल मैम जैसा कुछ शानदार करना है, तब्बू मैम का जलवा बस देखने वाला ही जानता है






निर्देशक आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' के पोस्टर में सुट्टा मारती नजर आईं अभिनेत्री कृति सेनन का अभिनय फिल्म दर फिल्म निखरा है। वह मानती हैं कि उन्हें हिंदी सिनेमा की दमदार अभिनेत्रियों से काफी कुछ सीखने को मिला है। इस बार की चार बातें कृति सेनन से..

हाल ही में कृति सेनन ने साझा कि उन्होंने बॉलीवुड की कुछ नामी, टैलेंटेड एक्ट्रेसेस से काफी कुछ सीखा है। वह इन्हें अपना आइडल मानती हैं। इन एक्ट्रेसेस में काजोल, तब्बू, डिंपल कपाड़िया और करीना कपूर शामिल हैं।

### डिंपल मैम के रंग बिरंगे चश्मे

मुझे पता है कि ये इतना आसान नहीं होता लेकिन अभिनय मैंने दूसरों को देखकर ही सीखा है। अक्सर कहा जाता है कि अभिनेत्रियों के बीच सहज संवाद कम ही होता है पर मैंने जितनी भी हीरोइन के साथ काम किया, उनमें डिंपल (कपाड़िया) मैम का रुतबा सबसे अलग दिखा है। उनका क्या ही तो स्टाइल है, कमाल कॉन्फीडेंस और उनके रंग बिरंगे धूप के चश्मे, उफ! एक दिन मैं भी उनके जैसे किरदार करना चाहूंगी।

### करीना का करिश्मा

करीना कपूर को वैसे देखिए तो वह बहुत ही मस्तमौला टाइप की इंसान लगती है। लेकिन, सेट पर आते ही वह एकदम से बदल जाती हैं। कैमरे की नजरों में वह अलग ही दिखती हैं। हर सीन से पहले हर संवाद को तरह तरह से बोलकर याद करती हैं।

### तब्बू मैम का ताव

तब्बू मैम का ताव हिंदी सिनेमा में सबसे अनोखा है। उनके किरदारों की पूरी एक फेहरिस्त मेरे पास है जिनको मौका मिले तो मैं तुरंत करना चाहूंगी। वह अपने अभिनय की आशुकवि हैं। उनके दिमाग में न जाने कहां से वह सब कैमरा ऑन होते ही आ जाता है। उनके चेहरे की एक मुस्कुराहट पूरे सीन का भाव बदल देती है।

### काजोल की कलाकारी

काजोल मैम के साथ मैंने पहले फिल्म 'दिलवाले' की थी और फिर 'दो पत्ती'। इतने साल अभिनय करने के बाद भी वह हर बार कुछ नया, कुछ बेहतर करने के लिए एक न्यूकमर की तरह लालायित दिखती हैं। अभिनय के प्रति उनका ये समर्पण अक्सर मुझे शाहरुख (खान) सर की याद दिलाता है।

कृति सेनन अपनी फिल्मों के अलावा अपनी लव लाइफको लेकर भी लंबे समय से चर्चा में हैं। उनका नाम लंबे वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को साथ में वैकेशन मनाते हुए देखा जाता है। साथ ही सोशल मीडिया पर ये एक-दूसरे के साथ फोटो शेयर करते हैं। हाल ही में कबीर और कृति को एक शादी में साथ देखा गया।

### कृति सेनन-कबीर फरमाते दिखे इश्क

कृति और कबीर किसी रिलेटिव की शादी में शामिल होने मुंबई से बाहर कुछ दिन पहले गए थे। इस शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक ड्रेस में दोनों नजर आ रहे हैं। कबीर वीडियो में कृति के गले में हाथ डाले दिख रहे हैं। वह दोनों साथ में खाना भी खा रहे हैं। एक प्रेमी जोड़े की तरफदोनों नजर आ रहे हैं।

ये खबर भी पढ़ेंरू ज्ञतपजप ैंदवद प्दजमतअपमूरू मुझे भी डिंपल मैम जैसा कुछ शानदार करना है, तब्बू मैम का जलवा बस देखने वाला



ही जानता है

### फैंस ने दिए प्यारे रिएक्शन

इस वायरल वीडियो पर कृति सेनन के फैंस ने प्यार भरे रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर्स लिखता है कि उन्हें कृति के ऐसे वीडियो और देखने हैं। वह अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस को यूं प्यार में देखकर काफी खुश हैं। कुछ और यूजर्स ने इस वीडियो को खूब लाइक भी किया है।

### फिल्म 'तेरे इश्क में' हटकर रोल कर रही हैं

कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' का हिस्सा हैं। इस फिल्म में वह काफी हटकर रोल कर रही हैं। फिल्म के टीजर में कृति का लुक, स्टाइल और डायलॉग दर्शकों को काफी पसंद आए हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट साउथ एक्टर धनुष हैं।




साउथ कोरियन एक्ट्रेस किम से-रॉन का निधन हो गया है। 24 साल की एक्ट्रेस 16 फरवरी, रविवार को सियोल के सेओंगसु-डोंग में अपने घर पर मृत पाई गईं। हालांकि, अभी तक उनके निधन का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोरिया जूंगअंग डेली की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को किम से-रॉन अपने एक दोस्त से मिलने वाली थीं। जब उनका दोस्त उनके अपार्टमेंट पहुंचा, तो उसे किम का शव मिला। इसके बाद तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस अधिकारी का कहना है कि अब तक किसी भी तरह की गड़बड़ी का संकेत नहीं मिला है, लेकिन हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। 29 में किया था डेब्यू किम से-रॉन ने साल 29 में शए ब्रेंड न्यू लाइफश् से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने शद मैन फ्रॉम नोव्हेयरश् (21) में दमदार एक्टिंग की। उन्होंने शद नेबर्सश् (212), शहाय! स्कूल-लव ऑनश् (214), शसीक्रेट हीलरश् (216) और हाल ही में नेटफ्लिक्स के शब्लडहाउंड्सश् (223) में नजर आई थीं। ड्रिंक एंड ड्राइव केस में फंसी थीं किम साल 222 में किम एक कॉन्ट्रोवर्सी में भी फंसी थीं। वो सियोल में एक हाई-प्रोफाइल ड्रिंक एंड ड्राइव केस में शामिल थीं, जिसके कारण उनपर 2 मिलियन वॉन (.13,85) का जुर्माना लगाया गया। हालांकि, बाद में किम ने पब्लिकली माफी भी मांगी और अपने एक्टिंग करियर से ब्रेक भी ले लिया था।




प्रतीक बब्बर ने एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी के साथ शादी कर ली है. एक्टर ने अपनी दिवंगत मां के घर पर वैलेंटाइन डे पर पर एक प्राइवेट सेरेमनी में प्रिया संग सात फेरे लिए थे. उनकी शादी में ना तो उनके पिता राज बब्बर नजर आए और ना ही सौतेली मां नादिरा और सौतेले भाई-बहन आर्य और जूही ही पहुंचे. ऐसे में जूही बब्बर ने इस बारे में खुलकर बात की है. दरअसल प्रतीक ने अपनी शादी में अपनी ही फैमिली को इनवाइट नहीं किया था. प्रतीक बब्बर के भाई आर्य बब्बर ने पहले ही खुलासा किया था कि प्रतीक ने उन्हें और उनकी फैमिली को अपनी शादी में नहीं बुलाया था. अब बहन जूही बब्बर ने भी इस बारे में बात की है. शहम एक ही बाप की औलाद हैंश् टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा- शमैं आर्य का बचाव नहीं कर रही हूं, लेकिन वो हर किसी की तरह तकलीफमें है. जब कोई तकलीफमें होता है, तो उसे अपनी बात कहने का हक है. ये एक नाजुक मुद्दा है और ये प्रतीक के जन्म से पहले से ही है, लेकिन कोई बात नहीं, प्रतीक मेरा भाई है और दुनिया की कोई भी चीज इसे बदल नहीं सकती, न ही ये फैक्ट बदल सकता कि हम एक ही बाप की औलाद हैं. अभी वो कुछ ऐसे लोगों से घिरा हुआ है, जिनका नाम हम नहीं बताना चाहते, जिन्होंने उसे भड़काया है. लेकिन हम उसे बीच में नहीं फंसाना चाहते क्योंकि इससे किसी को कोई फायदा नहीं होगा. आर्य बब्बर ने कही थी ये बातें आर्य बब्बर ने पहले कहा था- शहमारी फैमिली के दूसरे मेंबर्स, मेरी मां (नादिरा बब्बर), मेरी बहन (जूही बब्बर) या मुझे इनवाइट न करना माफी के काबिल हो सकता है. शायद हमने एक परिवार के तौर पर उसे निराश किया है, हालांकि हमने कभी भी उसके साथ सौतेले भाई जैसा बर्ताव नहीं किया. लेकिन चलो, शायद हमसे कोई भूल हो गई हो. लेकिन पापा? हमारे पापा, उनके पापा (राज बब्बर) को इनवाइट न करना. वे ऐसा कैसे कर सकते हैं?श् शपापा बहुत बहुत दुखी हैंश् आर्य ने कहा था- शपापा बहुत बहुत दुखी हैं. ऐसा करके प्रतीक ने अपनी मां स्मिता पाटिलजी को भी दुखी किया है. अगर वो एक पल के लिए रुककर सोचे, तो उसे पता चलेगा कि उसकी मां, जिसका वो बहुत सम्मान करता है और प्यार करता है, उसे बहुत दुख हुआ होगा. क्या वो ऐसा चाहेगी?श

# ये बांग्लादेशी खिलाड़ी बन सकते हैं टीम इंडिया के लिए मुसीबत

चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश टीमें आमने–सामने होंगी। भारतीय समयानुसार मुकाबला दोपहर 2.30 बजे शुरू होगा। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफभारत का पलड़ा भारी रहा है, लेकिन बांग्लादेशी टीम उलटफेर करने में माहिर है।

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश टीमें आमने–सामने होंगी। भारतीय समयानुसार मुकाबला दोपहर 2.30 बजे शुरू होगा। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है, लेकिन बांग्लादेशी टीम उलटफेर करने में माहिर है। इसके अलावा पिछले 5 वनडे मैचों में भारत के खिलाफ बांग्लादेश का पलड़ा भारी है। बहरहाल, हम नजर डालेंगे बांग्लादेश के उन 5 खिलाड़ियों पर जो भारतीय टीम के लिए मुसीबत बन सकते हैं। मुस्ताफिज़ुर रहमान बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिज़ुर रहमान भारतीय बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। दरअसल, भारत के खिलाफ मुस्ताफिज़ुर रहमान का प्रदर्शन शानदार रहा है। मुस्ताफिज़ुर रहमान नई गेंद से स्विंग और पुरानी गेंद से स्लोअर गेंद डालने में माहिर हैं। लिहाजा, भारतीय बल्लेबाजों को मुस्ताफिज़ुर रहमान के खिलाफसतर्क रहना होगा। मेहदी हसन मिराज भारत के खिलाफ तकरीबन 2 साल पहले मेहदी हसन मिराज ने 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया था। उस मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। बांग्लादेश के खिलाफभारतीय टीम को पिछले 5 मैचों में 3 बार हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश की इस जीत में मेहदी हसन मिराज का बड़ा योगदान रहा है। मेहदी हसन मिराज शानदार बल्लेबाजी के अलावा बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं। तस्कीन अहमद तस्कीन अहमद अपनी स्पीड के अलावा नई गेंद से तेज तर्रार स्विंग गेंदबाजी करते हैं। अब तक वनडे फॉर्मेट में तस्कीन अहमद ने 77 मैचों में 109 विकेट झटके हैं। इसके अलावा भारत के खिलाफतस्कीन अहमद का रिकॉर्डबेहतरीन रहा है। बहरहाल, भारतीय टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों को तस्कीन अहमद से सावधान रहना होगा। मुशिफ़िकुर रहीम मुशिफ़िकुर रहीम बांग्लादेश की टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। मुशिफ़िकुर रहीम के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 15 सालों से ज्यादा का अनुभव है। भारत के खिलाफ मुशिफ़िकुर रहीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। खासकर मुशिफ़िकुर रहीम बड़े मैचों में भारत के खिलाफअच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। लिहाजा, भारतीय गेंदबाजों के सामने मुशिफ़िकुर रहीम को जल्द पवैलियन भेजने की चुनौती होगी। नजमुल हसन शांतो बांग्लादेश के मौजूद कप्तान नजमुल हसन शांतो की गिनती शानदार बल्लेबाजों में होती है। इससमय नजमुल हसन शांतो बेहतरीन फॉर्म से गुजर रहे हैं। दरअसल, नजमुल हसन शांतो अपनी बल्लेबाजी से अकेले दम पर मैच का पासा पलटने की काबिलियत रखते हैं। लिहाजा, भारतीय गेंदाबाजों को नजमुल हसन शांतो से सतर्क रहना होगा।

# रोहित शर्मा ने वनडे में पूरे किए 11000 रन

## सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले दूसरे बल्लेबाज




| बल्लेबाज | रन |
|---|---|
| 18426 | सचिन तेंदुलकर |
| 13963 | विराट कोहली |
| 11221 | सौरव गांगुली |
| 11002* | रोहित शर्मा |
| 10768 | राहुल द्रविड़ |

**दुबई।** रोहित ने इस मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। रोहित ने 11000 रन पूरे करने के लिए 261 पारियां ली, जबकि सचिन ने यह उपलब्धि 276वीं वनडे पारी के दौरान हासिल की थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ चौंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में एक खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। रोहित ने वनडे में 11000 रन पूरे कर लिए हैं। वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज हैं। रोहित ने इस मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। रोहित ने 11000 रन पूरे करने के लिए 261 पारियां ली, जबकि सचिन ने यह उपलब्धि 276वीं वनडे पारी के दौरान हासिल की थी।

11000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नाम सबसे तेजी से वनडे में 11000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड दर्ज है। कोहली ने 222 वनडे पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। रिकी पोंटिंग इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 286 गेंदों पर 11000 रन पूरे किए थे। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने ऐसा करने में 288 वनडे पारियां ली थी। रोहित चौथे भारतीय हैं जिन्होंने वनडे में 11000 रन बनाए हैं। उनसे पहले सचिन, कोहली और गांगुली ऐसा कर चुके हैं। बड़ी पारी खेलने से चूके रोहित भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलकर आउट हो गए। रोहित और शुभमन गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ चौंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। रोहित अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। रोहित 36 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के खिलाफ चला था बल्ला रोहित पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे थे, लेकिन उन्होंने चौंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफदूसरे वनडे मैच में शतक लगाकर फॉर्म में वापसी की थी।

रोहित ने कटक के बारबाती स्टेडियम में खेले गए उस मैच में 76 गेंदों पर शतक लगाया था। रोहित का वनडे में यह 32वां शतक था। उनके बल्ले से इससे पहले वनडे में पिछला शतक अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ 11 अक्तूबर 2023 को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए वनडे विश्व कप के मुकाबले में निकला था। रोहित सीमित ओवरों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं। रोहित पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रहे थे जिस कारण उन्हें आलोचनाओं को सामना करना पड़ रहा था। रोहित वनडे विश्व कप 2023 में भी शानदार लय में दिखे थे और वह उस समय टीम को तेज शुरुआत दिलाते थे। रोहित ने ऐसा ही कुछ चौंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भी करने की कोशिश की।

# कभी आईपीएल के हीरो रहे तेज गेंदबाज कामरान खान का छलका दर्द, कहा- मदद मिलती तो अख्तर को पीछे छोड़ देता




**नई दिल्ली।** एलएलसी टेन-10 के दौरान कामरान खान का दर्द छलका। कामरान ने कहा कि सही समय पर मदद मिली होती तो आज वह देश के सबसे तेज गेंदबाज होते। कामरान खान...बाएं हाथ का वह तेज गेंदबाज जिसने आईपीएल के पहले सीजन यानी आईपीएल के शुरुआती सत्रों में अपनी गति से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। वह, तेज गेंदबाज जिसे महान शेन वॉर्न ने देश की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतिभा में से एक माना और कहा था, श्कामरान के रूप में प्रतिभा की बर्बादी हुई है। श्टॉरनेडोश् के नाम से प्रसिद्ध रहे कामरान इस वक्त एलएलसीटेन10 का हिस्सा हैं और मेरठ इन्वेडर्स के लिए खेल रहे हैं। कामरान ने अमर उजाला से बातचीत की और अपनी कहानी बताई। इस लीग के दौरान उनका दर्द छलका। कामरान ने कहा कि सही समय पर मदद मिली होती तो आज वह देश के सबसे तेज गेंदबाज होते। कामरान फ़िलहाल 33 साल के हैं। साल 2009 में 145 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद डालने वाले कामरान को वॉर्न ने ही आईपीएल का पहला सुपरओवर कराया था। कामरान ने क्रिस गेल को आउट कर राजस्थान रॉयल्स को वह मैच जिताया था, लेकिन चकिंग के एक आरोप ने उनका करियर खत्म कर दिया था। गरीब बच्चों को मुफ्त में सिखाएंगे क्रिकेट कामरान कहते हैं, श्मुझे ऑस्ट्रेलिया में बायोमेकेनिक्स टेस्ट और बाद में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने हरी झंडी दी। फ़िर भी मेरे साथ सौतेला व्यवहार हुआ।श् कामरान के अनुसार अगर उन्हें मदद मिली होती तो उनमें पाकिस्तान के शोएब अख्तर को भी तेजी में पीछे छोड़ने का दम था। उन्होंने कहा, श्मैं सबसे तेज गेंदबाज होता। 17 साल की उम्र में 150 की तेजी को छूना और 145 की औसत तेजी निकालना छोटी बात नहीं थी। अब इच्छा है कि आजमगढ़ या फ़िर लखनऊ में अकादमी खोलकर दूसरे तेज गेंदबाज निकालूं। जो बच्चे पैसे की दिक्कत के कारण कमी से नहीं खेल पा रहे हैं उन्हें प्रशिक्षण दूंगा। गरीब प्रतिभाओं की खुद तलाश करूंगा और उन्हें खाने-पीने को भी दूंगा।श् श्बड़े क्रिकेटरों ने भी नहीं दिया साथश33 वर्षीय कामरान कहते हैं कि किसी बड़े क्रिकेटर ने उनका साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा, श्अगर मैं किसी अन्य देश में होता तो शायद दुनिया का सबसे तेज गेंदबाज होता। 17 साल की उम्र में 150 की तेजी को छूना और 145 की औसत तेजी निकालना छोटी बात नहीं थी। मैं ऐसा क्रिकेटर था जो ऊंचे दर्जे की क्रिकेट खेले बिना आईपीएल तक पहुंचा। शायद इसी लिए किसी ने आगे मदद नहीं की। मैंने ये शब्द कभी प्रयोग नहीं किया, लेकिन मेरे ऊपर किसी का हाथ होता तो मैं आगे बढ़ सकता था। जब मुझे भारत और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नहीं खिलाया जा रहा था, तब शेन वॉर्न ने मेरे बारे में ट्वीट कर कहा था, भारत को एक हीरा मिला, लेकिन उसकी भी कद्र नहीं हुई।श् कामरान का आईपीएल करियर कामरान साल 2009, 2010 और 2011 में राजस्थान टीम का हिस्सा रहे। दिवंगत शेन वॉर्न के मार्गदर्शन और सोहेल तनवीर, मोर्ने मोर्कल और मुनफपटेल सरीखे तेज गेंदबाजों की मदद से कामरान स्टार बनकर उभरे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल नौ मैचों में नौ विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 8.40 का और स्ट्राइक रेट 17.7 का रहा था। साल 2009 में कामरान ने पांच मैचों में 20.66 की औसत और 17.66 के स्ट्राइक रेट से छह विकेट लिए थे। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 7.01 का रहा था। 2010 में कामरान तीन मैच खेले और तीन विकेट लिए।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

भारत के अभियान की शुरुआत 20 फ़रवरी, गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफहोगी। ये मुकाबला दोनों टीमों के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं दोनों टीमों के हालिया रिकॉर्ड्स एक दूसरे से एक दम अलग रहे हैं। टीम इंडिया जहां चौंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड को 3 मैचों की सीरीज में 3-0 से मात दी थी तो बांग्लादेश को चौंपियंस ट्रॉफी 2025 की डिसक्वालीफाई टीम वेस्टइंडीज ने 3-0 से हरा दिया।

चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के अभियान की शुरुआत 20 फ़रवरी, गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ होगी। ये मुकाबला दोनों टीमों के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं दोनों टीमों के हालिया रिकॉर्ड्स एक दूसरे से एक दम अलग रहे हैं। टीम इंडिया जहां चौंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड को 3 मैचों की सीरीज में 3-0 से मात दी थी तो बांग्लादेश को चौंपियंस ट्रॉफी 2025 की डिसक्वालीफाई टीम वेस्टइंडीज ने 3-0 से हरा दिया। चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मुकाबले में जहां टीम इंडिया जीत के साथ आगाज कनरे के इरादे से मैदान पर उतरेगी तो बांग्लादेश अपना प्रदर्शन सुधारना चाहेगी। भारतीय टीम चौंपियंस ट्रॉपी 2025 के अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी लेकिन उन्हें हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी। आईसीसी इवेंट में ये टीम कई बार भारत को परेशान कर चुकी है और 2007 आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप को कौन भूल सकता है। जहां इसी बांग्लादेश ने भारत को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। 2016 टी20 वर्ल्ड कप हो या 2022 का वर्ल्ड कप, बांग्लादेश हमेशा भारतीय टीम का टक्कर देती आई है। दूसरी ओर टीम इंडिया का यूएई में आईसीसी इवेंट का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर भारतीय टीम 73 बार बांग्लादेश का सामना कर चुकी है। जिसमें से 9 मैच बांग्लादेश ने जीते हैं तो 61 मैच भारत के नाम रहे हैं। 2 मैच ड्रॉ रहे हैं तो 1 मैच का नतीज नहीं निकल सका है। दोनों टीमें 41 वनडे में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 32 मैच भारत ने जीते हैं और 8 मैचों में बांग्लादेश को सफलता मिलीहै। चौंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें एक बार भिड़ चुकी हैं। जिसमें भारत को सफलता मिली है। दुबई में भी दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों बार भारत ने बांग्लादेश को शिकस्त दी है। बांग्लादेश का रिकॉर्ड हालिया रिकॉर्ड की बात करें तो टीम इंडिया को बांग्लादेश ने पिछले 5 में से 3 मैच हारने पड़े हैं, जो टीम इंडिया के रिकॉर्ड को खराब करता है। हालांकि, बांग्लादेश का पिछली सीरीज में प्रदर्शन खराब रहा था, जहां वे 3-0 से वेस्टइंडीज से हार गए थे। जो टीम चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दूसरी ओर भारतीय टीम इंग्लैंड को 3-0 से हराकर आ रही है। ऐसे में उनके हौसलें तो बुलंद होंगे लेकिन मैदान पर वह बांग्लादेश को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी।

## फुटबॉल मैच के दौरान आतिशबाजी के चलते बड़ा हादसा, आग में 50 लोग झुलसे

बीती मंगलवार रात केरल में एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, मलप्पुरम जिले के अरिकोड शहर में फुटबॉल मैच के दौरान 50 से ज्यादा दर्शक आग में झुलस गए, मैच शुरू होने के ठीक पहले ये घटना हुई। मुकाबले से पहले आयोजकों ने जोरदार आतिशबाजी का कार्यक्रम किया। इसी दौरान पटाखे अनियंत्रित होकर स्टेडियम में बैठे दर्शकों के बीच जाकर फूटने लगे। ऐसे में अफरा–तफरी मच गई। गनीमत ये रही कि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई लेकिन दो दर्शक इस हादसे में बुरी तरह झुलसे हैं और उनका इलाज जारी है। अरिकोड पुलिस ने बताया कि मल्लपुरम जिले में अरिकोड इलाके के एक स्टेडियम में सेवंस, फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच के दौरान आतिशबाजी के कारण 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में से दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों की चोटें गंभीर नहीं है। मैच से ठीक पहले पटाखे जलाए जाने के दौरान ये दुर्घटना हुई। मैदान के नजदीक बैठे दर्शकों के बीच पटाखे गिरने से लोग झुलसे। आयोजकों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 और 125 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## एक बार फिर रोहित शर्मा की खराब किस्मत, टीम इंडिया के नाम दर्ज हुआ ये शर्मनाक रिकॉर्ड

मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के बीच दुबई में आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का मुकाबला खेला जा रहा है। लेकिन रोहित शर्मा की टॉस के मामले में अभी भी किस्मत रूठी हुई है। दरअसल, वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी। उस टूर्नामेंट में रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, तब से अब तक वनडे इंटरनेशनल क्रकिट में भारतीय टीम एक भी टॉस नहीं जीत पाई है। बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लीग मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर से टॉस हार गए और इस तरह एक शर्मनाक रिकॉर्ड टीम इंडिया के नाम दर्ज हो गया।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंडिया वर्सेस बांग्लादेश की भिड़ंत, जीत के साथ आगाज करना चाहेगी टीम इंडिया

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज हो चुका है। वही इस मेगा टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला भारत और बांग्लादेश के बीच दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। वहीं बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। तो भारतीय टीम पहले गेंदबाजी करेगी। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पिछले वनडे की प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए हैं। अर्शदीप सिंह की जगह मोहम्मद शमी आए हैं, तो वरुण चक्रवर्ती की जगह रविंद्र जडेजा को टीम में शामिल किया गया है। वहीं टीम इंडिया में दूसरे पेसर हर्षित राणा होंगे। वहीं स्पिनर की तिकड़ी में जडेजा का साथ अक्षर पटेल और कुलदीप यादव देंगे। भारत के टॉ–6 फ़िक्स हैं।

## पाकिस्तान में डर का माहौल... स्टेडियम के ऊपर से गुजरे लड़ाकू विमान, न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों सहित फैंस भी सहमे

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे मुकाबले के साथ चौंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। 29 साल बाद पाकिस्तान में आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। मार्च 2009 में श्रीलंका टीम पर आतंकवादी हमलों के बाद से लंबे समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की किसी भी टॉप टीम ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था। इस दशक की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड जैसी टॉप टीमों ने पाकिस्तान का दौरा करना शुरू किया। बुधवार को कराची में मुकाबला शुरू होने से पहले पाकिस्तान फाइटर प्लेन स्टेडियम के ऊपर से गुजरे जिससे काफी जोरदार शोर हुआ और वहां मौजूद फैंस के साथ–साथ कीवी खिलाड़ी झुकते हुए और सहमे नजर आए। पाकिस्तान ने 2015 में जिम्बाब्वे की मेजबानी की और फाफडुप्लेसी के नेतृत्व में विश्व एकादश की टीम ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए तीन मैच की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज के लिए देश का दौरा किया। पाकिस्तान इस दौरान अपने मुकाबले दुबई और अबू धाबी में खेला। चौंपियंस ट्रॉफी के लिए 6 टीमें पाकिस्तान में हैं, हालांकि, टीम इंडिया अपने सभी मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर खेलेगा। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों और लोकल फैंस के बीच थोड़ा डर का माहौल बना हुआ है।

## दुबई में भारत और बांग्लादेश की टक्कर

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मुकाबला भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम का नेतृत्व रोहित शर्मा करेंगे जबकि बांग्लादेश टीम की कमान नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में होगी। दोनों टीमों हाल ही में अलग–अलग वनडे मैचों की सीरीज खेलकर टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। टीम इंडिया जहां तीन वनडे मैचों की सीरीज में 3–0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ कर बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी, वहीं वेस्टइंडीज से आखिरी वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप झेलनी वाली बांग्लादेश की टीम चौंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी।

# भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका

चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान का आगाज अच्छा नहीं रहा। टूर्नामेंट के ओपनिंग मुकाबले में ही उनकी टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रनों के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

# भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले कप्तान नजमुल शांटो का बयान, कहा- हमें लगता है कि हम इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हरा सकते हैं




बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो चौंपियन्स ट्रॉफी के अपने पहले मैच में मजबूत पड़ोसी भारत के खिलाफ बृहस्पतिवार को होने वाले मुकाबले से पहले काफी आशावान हैं। शंटो तेज गेंदबाज नाहिद राणा के उभरने से खासे उत्साहित हैं जिन्होंने उनके गेंदबाजी आक्रमण में नया आयाम जोड़ा है।22 वर्षीय राणा के नाम बांग्लादेशी क्रिकेटर द्वारा फेंकी गई सबसे तेज गेंद (152 किमी प्रति घंटा) का रिकॉर्ड है और वह कई मौकों पर 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकते हैं। उनके स्पैल में गेंदों की औसत गति 145 किमी प्रति घंटा होती है। राणा और तस्कीन अहमद जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज की मौजूदगी के अलावा टीम में कुछ उपयोगी ऑलराउंडर और स्पिनर तथा कुछ अच्छे बल्लेबाज भी हैं। बुधवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में शंटो ने कहा, ''बेशक, ऑलराउंडर हमेशा टीम को संतुलित करते हैं और हमारे पास कुछ अच्छे ऑलराउंडर हैं। मुझे उम्मीद है कि वे कल अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप इस प्रारूप को देखें तो हमारी टीम काफी संतुलित है और हमें विश्वास है कि हम इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हरा सकते हैं। सभी टीम इस ट्रॉफी को जीतने में सक्षम हैं लेकिन मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो विरोधियों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। अगर हम अपनी योजना को सही तरीके से लागू करते हैं तो हम किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सकते हैं।''




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 2261 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 2268 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7952898665,9839177772 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।